नारायण सेवा संस्थान शाखा कैथल की बैठक आयोजित

कहा, नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा नारायण सेवा केंद्र का निर्माण कार्य

कृष्ण प्रजापति

कैथल : नारायण सेवा संस्थान शाखा कैथल की एक महत्वपूर्ण मीटिंग गत शाम ग्रेस होटल में संपन्न हुई। इस मीटिंग में सबसे पहले शाखा कैथल के सचिव डॉ. अनिल जिंदल ने आए हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद संस्थान की सेवाओं से जुड़े नए सदस्यों अभिषेक गुप्ता (बबला) और रमेश गुप्ता का पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद शाखा कैथल के प्रधान डॉ. विवेक गर्ग ने सभी प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए संस्थान द्वारा निर्माणाधीन नारायण सेवा केंद्र की प्रोग्रेस के बारे में विस्तार से सभी सदस्यों को अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि सेवा प्रकल्पों को आगे बढ़ाते हुए संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क फिजियोथैरेपी सेंटर के लिए एक ई-रिक्शा योजना जल्द शुरू की जाएगी। इसके अंतर्गत फिजियोथैरेपी सेंटर में उपचार हेतु शहर के बुजुर्ग, दिव्यांग और जरूरतमंद लोगों को लाने ले जाने के लिए निःशुल्क ई-रिक्शा चलाई जाएगी। इस सेवा से ऐसे लोग अपना उपचार निःशुल्क करवा सकेंगे जो हर रोज स्वयं आने में असमर्थ हैं। उन्होंने बताया कि नारायण सेवा केंद्र का निर्माण कार्य नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा और विधिवत रूप से सेवा हेतु जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

उन्होंने नारायण सेवा केंद्र के निर्माण हेतु सभी से आर्थिक सहयोग की अपील की और इस सेवा केंद्र को नियमित रूप से चलाने के लिए मासिक दानदाता बनाने का भी सुझाव रखा। शाखा संरक्षक सतपाल मंगला ने सभी सदस्यों को तन मन धन से सहयोग की अपील की। सहसचिव डॉ. नरेश गर्ग ने आए हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। अंत में सभी सदस्यों ने होली पर्व के उपलक्ष्य में गुलाल का तिलक लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर सह-संयोजक दुर्गा प्रसाद, सेवा प्रचारक राजेश गुप्ता, अशोक मंगला, सोनू बंसल, प्रमोद गोयल, जयप्रकाश गर्ग, प्रवीण जिंदल, सुमित चौधरी, मनोज गर्ग, शेर सिंह, बी एम गुप्ता, ज्ञान चंद भल्ला, नितिन सिंगला, गगन चावला, जितेंद्र बंसल, ऋषि गोयल, राजेश मित्तल और सोमनाथ ने भी अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

बागी विधायकों को फ़ोन करके वापस बुला रहे हैं कांग्रेस के नेता : जयराम ठाकुर

चंडीगढ़ : नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि एक तरफ़ मंच से मुख्यमंत्री बाग़ी विधायकों के बारे में अनाप-शनाप बयान बाज़ी करते हैं तो उन्हीं की पार्टी के तीन बड़े नेता फ़ोन करके उनसे वापस आने की गुहार लगाते हैं। उन्हें तरह-तरह के प्रलोभन दिए जा रहे हैं। उन्हें सदस्यता बहाली से लेकर मंत्रालय और अन्य पदों का लालच दिया जा रहा है। दूसरी तरफ़ कांग्रेस अपनी ही पार्टी के विधायकों को सत्ता का दुरुपयोग करके परेशान कर रही है। विधायकों के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। उनके घर के सामने दीवार खड़ी की जा रही है। उनके घर गिराने के नोटिस भेजे जा रहे हैं। सरकार ग़ैरक़ानूनी तरीक़े से विधायकों को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि बदले की राजनीति सरकार बंद करे। साथ ही अधिकारियों को भी क़ानून के दायरे में रह कर काम करने का आग्रह किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री की मनमानी की वजह से आज प्रदेश में ऐसे हालात बने हैं। कांग्रेस पार्टी के कहने पर ही कांग्रेस के प्रत्याशियों ने सम्मान निधि के फ़र्ज़ी फॉर्म भरवाए थे।

शहीद भगत सिंह वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दूसरा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गर्ग नौच ने की शिरकत

कृष्ण प्रजापति

कैथल : शहीदी दिवस पर शहीद भगत सिंह वेल्फेयर सोसाइटी कैथल ने नोबेल बल्ड बैंक की टीम के सहयोग से दूसरा विशाल रक्तदान शिविर गीता भवन मंदिर में लगाया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गर्ग नौच ने शिरकत की। सोसाइटी में सभी युवा समाजसेवी पूरी लग्न से समाजसेवा कर रहे हैं। मुख्यातिथि ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि लोग शहीदों को भूलते जा रहे है लेकिन शहीद भगत सिंह वेल्फेयर सोसाइटी कैथल के सदस्यों द्वारा समय-समय पर शहीदों को याद करना बहुत ही सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि सोसायटी के सभी युवा शक्ति रक्त दान करना और किसी के काम आना शहीदों को एक सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर समिति के संरक्षक सोनू वर्मा व प्रधान प्रदीप क्योड़क ने कहा कि फिल्मी कलाकार हमारे रोल मॉडल नहीं होने चाहिए बल्कि हमारे रोल मॉडल अपने मातृभूमि के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले वीर शहीद होने चाहिए। वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें देशसेवा और समाजसेवा को अपना मुख्य ध्येय बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब सभी युवा वीर क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेंगे तो निश्चित रूप से देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होगा। सोनू वर्मा व प्रदीप क्योड़क ने कहा कि उनकी सोसायटी लावारिश डैड बॉडियों का संस्कार भी करती है और युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास के उद्देश्य से खेलों का आयोजन भी करवाती है। इसके अतिरिक्त स्कूलों में बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में और जिस किसी के पास दाह संस्कार करने के पैसे नहीं उन्हे दाह संस्कार करने के लिए आर्थिक मदद भी करते हैं।

⊙ 62 के करीब रक्तदाताओं ने रक्तदान करके शहीदो को अर्पित की श्रद्धांजलि

आज के रक्तदान शिविर में लगभग 62 के करीब रक्तदाताओं ने रक्त दान किया जोकि शहीदों को एक सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौक़े पर डॉक्टर सचिन मांडले, महीला एसएचओ रेखा देवी, महेश धमीजा, श्याम, एमसी रजत थरेजा, योगेश कुमार थरेजा, अनिल वर्मा, अनिल गौरी, अधिवक्ता सुरेन्द्र रांझा, अधिवक्ता रमेश माडाड, दीपक भैरो, जेजेपी नेता संदीपा क्योडक, रूबिना, सुनील, सोमपाल, नरेंदर मित्तल, मोहित मित्तल, बंटी, राजिंद्र, सतीश मेहरा, सविता सैनी, पिंकी पांचाल, पूर्णीमा आजाद, धर्म पार्षद प्रतिनिधि, संजीव खनौदा, विपिन, रिंका, अभिषेक, कुलदीप बागड़ी, संजीव गोगिल, अधिवक्ता दिनेश भाटिया, डॉ. अश्वनी, विशाल, राजू डोहर, प्रवीण सेगा, राकेश कौशिक, नरेश जांगड़ा सहित अनेक युवा मौजूद रहे।

ईडी की जांच का काम बढ़ती लोकप्रियता को लेकर विरोधियों ने करवाया : संदीप गर्ग

ईडी का काम है जाँच करना, मैंने उनका पूरा सहयोग किया

नरेश गर्ग/तेजयुग न्यूज

लाडवा : भारतीय जानता पार्टी के नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शनिवार को लाडवा अनाजमंडी में स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए कहा कि यह ईडी वाला काम जो उनके साथ हुआ है वह उनकी बढ़ती लोकप्रियता को लेकर विरोधियों द्वारा करवाया गया है।

समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उन्होंने कोई गुनाह नहीं किया है और वह एक बिजनेसमैन है और बिजनेसमैन के कारण उन पर इस प्रकार जाँच का कार्य उनके विरोधियों द्वारा करवाया गया है। जिसको लेकर जाँच के दौरान उन्होंने ईडी का पूरा सहयोग किया और ईडी की टीम अपनी जांच पूरी करकर दिल्ली के लिए रवाना भी हो गई है। जो व्यक्ति सच्चा होता है उसके साथ परमात्मा होता है। उन्होंने कहा कि वह पिछले लगभग 9 साल से लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने पर लगे हुए हैं और आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जो उनके द्वारा रसोइयां चलाई जा रही है, वह आगे भी निरंतर चलती रहेगी, चाहे भले ही मैं रहूं या न रहूं। वहीं उन्होंने भाजपा सरकार का गुणगान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार एक ऐसी सरकार है, जो सभी के हितों में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दिन-रात आगे बढ़ रहा है और इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा की 400 से भी अधिक सीटें आएगी और पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा कि यदि भाजपा ने उनपर कोई जिम्मेवारी सौंपी तो वह उसे बाखूबी निभाने का काम करेंगे, उन्हें पद की लालसा नहीं है, पार्टी जो जिम्मेदारी लगाएगी उसपर खरा उतरने का काम करेंगे। वहीं इससे पूर्व उन्होंने लाडवा स्थित कार्यालय में अपने समर्थकों से मुलाक़ात की। मौके पर घनश्याम कंबोज, राजू खुराना, सुरेन्द्र गुप्ता, रणजीत नैन, मनोज धवन, अनुज बहलोलपुर, सरपंच सोहन, महात्मा गुरपाल दास, गोपी चंद, विजय वधावन, अनुज गर्ग, डिम्पी, आज़ाद शर्मा, प्यारा सिंह, देवेन्द्र शर्मा, देवराज राजू, राजकुमार, अश्वनी चोपड़ा, लवली, सोहन कुमार, महेश गर्ग, अंकित, पवन कुमार, विक्रम सिंह, गौरव कश्यप आदि मौजूद थे।

गौशाला में होली मिलन और औषधीय वृक्षारोपण

चंडीगढ़ : गुरुग्राम की कार्टरपुरी स्थित कामधेनु गौशाला में श्री चेतनदास गौसंवर्धन एवं हिन्दू आध्यामिक सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन और औषधीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारत विकास परिषद, पेड़ पंचायत संस्था, गंतव्य संस्थान, पटनायक इंडिया फाउंडेशन, जीव सेवा, अनुग्रह रिहैबिलिटेशन ट्रस्ट, प्रकृति स्पर्श फाऊंडेशन, अगापे, सासा, गोविंद दर्शन ट्रस्ट, महिला मंडल श्री गोवर्धन मंदिर, गौवंश एवं संस्कृति रक्षा मंच (एक रोटी और एक रुपए अभियान) तथा यूनिहो, केसीएन क्लब आदि संस्थाओं ने भी अपना सहयोग दिया। गौसेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव लोहचब की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक सुनील जिंदल मुख्य अतिथि और हडको के पूर्व निदेशक एच एस गिल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सुनील जिंदल ने कहा कि होली हमें भाई चारे और मिलकर स्नेह से रहने का संदेश देती है।

भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत माता के वे सच्चे सपूत थे : डॉ. कुशल पाल

आई जी एन कॉलेज में लयाया शहीदी दिवस पर एक दिवसीय शिविर

नरेश गर्ग/तेजयुग न्यूज

लाडवा : लाडवा के इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज में शहीदी दिवस के अवसर पर एन.एस.एस. शाखा द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव जैसे महान नायक और भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले क्रांतिकारियों के बलिदान को नतमस्तक नमन कर श्रद्धाँजलि दी गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुशल पाल के नेतृत्व में शिविर लगाया गया। एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र शर्मा ने मुख्यातिथि भूपेन्द्र सिंह, डायरेक्टर, कैम्ब्रिज आईल्स सैन्टर, लाडवा और विशिष्ट अतिथि डॉ. कांता वर्मा, प्रसिद्ध कवयित्री तथा प्रसिद्ध हास्य यूटबूयर विकास श्योरण का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। शिविर में 100 से भी अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने वीर शहीदों को नमन करते हुए और उनके निःस्वार्थ भाव के बारे में कहा कि आज का शिविर देश के उन वीरों के नाम है, जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपने प्राणों को बलिदान दिया। भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव का एक ही लक्ष्य था और वो था स्वतंत्र भारत। उन्हें पता था कि उनका यह सपना उनके बलिदान से ही पूरा होगा। मुख्यातिथि भूपेन्द्र सिंह, डायरेक्टर, कैम्ब्रिज आईल्स सेंटर ने स्वयंसेवकों को भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव से देशप्रेम की प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि देश का नाम रोशन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होना चाहिए। डॉ. कांता वर्मा ने शहीदी दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों के सम्मुख देशभक्ति और देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हुई कविताओं को सुनाया। एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र शर्मा ने स्वयंसेवकों के दिल में देश भावना को जागृत करते हुए कहा कि देश के विकास में अपना योगदान देना प्रत्येक नागरिक का दायित्व होना चाहिए।

डॉ. शर्मा ने मुख्यातिथि भूपेन्द्र सिंह के बारे में बताया कि ये आई.जी.एन. कॉलेज के ही पूर्व छात्र है। उन्होंने कहा कि डॉ. कांता वर्मा द्वारा पढ़ी गयी कविताएँ निश्चितरूप से स्वयंसेवकों के मन में अमिट छाप छोड़ेगी। कॉलेज प्राचार्य ने स्टाफ सहित मुख्यातिथि, विशिष्टि अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया।

इस अवसर पर प्रिंस कुमार, परमेश मलिक, सचिन मंडान, डॉ. पंकज वर्मा, तेजस्वी वर्मा, यक्षेश शर्मा, विकास, नरेन्द्र, डॉ. रूपेश गौड़, डॉ. अमित कुमार वशिष्ठ, डॉ. सुदेश कुमार, रविन्द्र शर्मा, किरणा देवी, मोनिका, करिश्मा, राकीब, सुशील कुमार, करनैल सिंह, रेखा आदि मौजूद रहे।

शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू की शहादत को याद करना ही सच्ची श्रद्धाजंली : पवन गर्ग

राजेश कुमार/तेजयुग न्यूज

बाबैन : आज संजय गांधी ओम प्रकाश गर्ग मेमोरियल पब्लिक स्कूल में देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू के शहीदी दिवस के मौके पर स्कूल स्टाफ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि भेंट की। इस मौके पर स्कूल के प्रधान पवन गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि इन महान क्रांतिकारियों ने अपनी जान की बाजी लगा कर देश को आजादी दिलवाई थी। उन्होंने कहा कि हमें इन क्रांतिकारियों के विचारों पर चलने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि भगत सिंह एक बहादूर योद्धा थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जान न्यौछावर की और भगत सिंह स्वंतत्र विचारधारा के व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि आज जो हम जिस खुले आसमान में सांसे ले रहे है ये उन शहीदों की देन है जिन्होंने हमारे देश को अपनी जान की कुर्बानी देकर गुलामी से आजाद करवाया था। उन्होंने कहा कि देश के लिए शहादत देने वाले शहीदों को याद करना ही सच्ची श्रद्धाजंली है इसलिए हमें अपने शहीदों को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीदों को जितना याद किया जाए उतना कम है और हमें भक्त सिंह, सुखदेव, राजगुरू बन कर देश की सेवा करना चाहिए। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश सैनी ने कहा कि हमें अपने शहिदों की कुर्बानी को हमेशा याद रखना चाहिए जो देश को आजाद करवाने के लिए हंसते हसते फांसी के फंदे पर झुल गए।

⊙ कहा, शहीदों को जितना याद किया जाए उतना कम है और हमें भक्त सिंह, सुखदेव, राजगुरू बन कर देश की सेवा करना चाहिए

⊙ भगत सिंह एक बहादूर योद्धा थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जान न्यौछावर की और भगत सिंह स्वंतत्र विचारधारा के व्यक्ति थे

किडजी और रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल में धूमधाम मनाई होली

नरेश गर्ग/तेजयुग न्यूज

लाडवा : किडजी और रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल में होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाया। नाटक रूपांतरण द्वारा होली के पीछे की कहानी (प्रह्लाद और होलिका) के दृश्य को दर्शाया गया।

स्कूल की प्रधानाचार्य विम्मी तनेजा ने बताया कि होली परंपरा, प्रसन्नता और भाईचारे की भावना का त्योहार है। इसके बाद सभी ने मिठाई खाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बच्चों को इको फ्रेंडली होली खेलने का संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि हमें केमिकल वाले रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। क्योंकि ये रंग हमारे आंखों और बॉडी को नुक्सान पहुंचाते हैं। इस मौके पर यह संदेश दिया गया कि हमें फूलों की होली खेलनी चाहिए और पानी का कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए। समापन के दौरान सभी ने एक दूसरे को रंग लगाया और होली की बधाई दी। भारत में होली का त्योहार दो दिनों तक मनाया जाता है। फागुन पूर्णिमा की रात को होलिका दहन किया जाता है, होली पर लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ मिलकर एक दूसरे पर पानी और रंग फेंकते हैं। वे ढोल बजाकर गाते और नाचते हैं और मिठाइयाँ खाते हैं।

यह त्योहार पिछले दुखों को भूलने और माफ करने और नए दोस्त बनाने और पुराने लोगों के साथ रिश्तों को मजबूत करने का भी समय है। होली का पर्व एकता और प्रेम का प्रतीक है।इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य विम्मी तनेजा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विम्मी तनेजा, मुस्कान मग्गो, गीता शर्मा, सोनिया, हरसिमरन, विशाखा, कविता, स्वाति, गरिमा, श्रेया, शिवानी, मुस्कान, रितु, अंजली, खुशी, निशा, रश्मि आदि अध्यापिका शामिल हुई।

लाडवा के ओ पी जी स्कूल में मनाया शहीदी दिवस

नरेश गर्ग/तेजयुग न्यूज

लाडवा : लाडवा के ओ पी जी स्कूल में शहीदों की याद में शहीदी दिवस मनाया गया। जिसमें शहीदों को पुष्पार्पित कर याद किया किया गया। स्कूल की प्राचार्या भावना गुप्ता ने कहा कि भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत मां के वे सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अपनी देशभक्ति और देशप्रेम को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया और मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर कर गए। उन्होंने कहा हम अपने देश के लिए कुर्बान हुए शहीदों को सलाम करते हैं और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। कभी वह दिन भी आयेगा जब अपना राज देखेंगे। जब अपनी ही जमीं होगी जब अपना आसमां होगा। व जय हिन्द जय भारत के नारों से स्कूल भक्ति मय हो गया। वहीं स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

शहीदों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता : हरप्रीत चीमा

नरेश गर्ग/तेजयुग न्यूज

लाडवा : यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता हरप्रीत सिंह चीमा ने कहा कि शहीदों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उनकी कुर्बानी के कारण ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शनिवार को इंडियन गठबंधन के कार्यालय पर शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के चित्र पर फूल अर्पित कर शहीदों को याद किया गया। चीमा ने कहा कि हमें भी शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनका सम्मान करना चाहिए। देश की स्वतंत्रता को कायम रखने के लिए हर नागरिक को एकता का परिचय देना होगा। देश पर कुर्बान होने वाले शहीदे आजम भगत सिंह के दिखाए रास्ते पर युवाओं को चलना चाहिए।

आज युवा कहीं ना कहीं अपनी रास्ते से भटक रहा है व नशे की तरफ बढ़ रहा है। युवाओं को अपने संस्कार, संस्कृति व्यवहार पर ध्यान देकर देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना होगा। मात्र 16 साल की उम्र में जलियांवाला बाग में मिट्टी उठाकर कसम खाने वाले सरदार भगत सिंह ने मात्र 23 साल की उम्र में देश के लिए कुर्बानी कर दी। आज सभी युवाओं का फर्ज बनता है कि वे इस देश व देशवासियों के लिए हक की आवाज उठाते रहे। वहीं मौके पर यशपाल नारंग, रामस्वरूप बराहण, प्रदीप, राजीव, संजीव रोहिला, सचिन चौधरी, परविंदर सिंह, बरखाराम, तलविंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

अर्ली स्टेप प्री स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों ने मनाया होली पर्व

नरेश गर्ग/तेजयुग न्यूज

लाडवा : शहर की महावीर कॉलोनी में स्थित अर्ली स्टेप प्री स्कूल परिसर में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसको लेकर स्कूल में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे अपने घरों से रंग बिरंगी पोशाकों में स्कूल परिसर में पहुंचे और फूलों व गुलाल के साथ होली को खेला।

स्कूल के प्राचार्य सोनिया गोयल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐसा त्योहार है, जिसमें यदि कोई किसी से नाराज होता है तो उसको गुलाल लगाकर या फूलों से खेलकर उस नाराजगी को दूर कर इस जौहार को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन बच्चे व बड़े सभी रंग व फूलों के साथ होली खेलते हैं । वहीं वृंदावन मथुरा में यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है और हम सभी को यह पर्व धूमधाम से मनाना चाहिए। वहीं बच्चों को नाटक के माध्यम से बताया गया कि होली पर्व का महत्व बताया। स्कूल परिसर में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा फूलों से व गुलाल आदि से एक दूसरे को रंग लगाकर और फूल डालकर होली पर्व की बधाई दी गई। वही बच्चों को मिठाई भी वितरित की गई। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ उपस्थित था।